# डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (मध्यप्रदेश)

**(केंद्रीय विश्वविद्यालय)**

# ख़बरों में विश्वविद्यालय
# अगस्त 2022

## उभरता भारत पर निबंध प्रतियोगिता



सागर @ पत्रिका. विश्व गुरु वैश्विक पटल पर उभरता भारत विषय पर निवेदिता कन्या छात्रावास में निबंध प्रतियोगिता हुई। इसमे बड़ी संख्या में बालिकाओं ने सहभागिता की। इस कार्यक्रम की समन्वयक प्रो. जनक दुलारी आही और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन प्रो. वंदना सोनी के निर्देशन में किया गया। 31 जुलाई को इसी विषय पर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता विश्वविद्यालय के बालक छात्रावास में होगी। 3 अगस्त को स्वर्ण जयंती सभागार में सम्मानित किया जाएगा।

कर रहे लोगों को जागरूक

## एनएसएस ने किया हर-घर तिरंगा अभियान शुरू




पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

सागर. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय अभियान हर-घर तिरंगा के संदर्भ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा उन्नत भारत अभियान के तहत गोद लिए गए गांव पथरिया जाट और सिरोंजा में स्वयंसेवकों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज के संदर्भ में ग्रामीणों को अपने घरों पर ध्वज लगाने के लिए प्रेरित किया। 11 से 17 अगस्त तक चलाए जाने वाले 'हर घर तिरंगा' अभियान के विषय में जानकारी दी गई।

बता दें कि विश्वविद्यालय के द्वारा पथरिया जाट एवं सिरोंजा गांव में जन-जागरुकता तथा ध्वज वितरण का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम के प्रमुख केन्द्रों जैसे पाठशाला, पंचायत भवन, प्रमुख मार्गों, इमारतों, भवनों आदि की दीवारों पर हर घर तिरंगा अभियान से सम्बन्धित नारा लेखन कार्य किया गया।

ग्राम में आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. संजय शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वंदना विनायक, डॉ. सुनीत वालिया, डॉ. आशुतोष तथा विश्वविद्यालय के मीडिया अधिकारी डॉ. विवेक जायसवाल सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## ड्रीम्स मीट डिलिवरी पर केंद्रित चित्रकला प्रतियोगिता संपन्न

सागर, आचरण संवाददाता।

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को रेखांकित करने वाली पुस्तक मोदी 20 ड्रीम्स मीट डिलिवरी पर केंद्रित आयोजन के निमित्त चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. यह प्रतियोगिता विवि के आचार्य शंकर भवन में आयोजित की गई. प्रतियोगिता के समन्वयक डॉ. राकेश सोनी ने बताया कि प्रतियोगिता का विषय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बहुआयामी व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर केंद्रित था जिसमें 'मोदी युवाओं के प्रेरणास्त्रोत', महिला सशक्तिकरण का नया व्याकरण, आत्मनिर्भर भारत, कोविड-महामारी पर विजय, नया भारत यथार्थ में बदलता स्वरुप एवं विश्वगुरु- वैश्विक पटल पर उभरता भारत आदि कई थीम थे जिन पर पर विद्यार्थियों ने चित्रकारी कर अपनी सृजनशीलता दिखाई. इसमें काफी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता के नेतृत्व में पिछले कई दिनों से पुस्तक पर केंद्रित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं जिसकी मुख्य समन्वयक विवि की वरिष्ठ प्रो जनक दुलारी आही हैं. कार्यक्रम में फाइन आर्ट्स एवं परफार्मिंग आर्ट्स विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ सुप्रभा दास ने निर्णायक की भूमिका निभाई एवं विभाग के शोधार्थियों सुश्री शालू एवं सुश्री यशा की भूमिका सराहनीय रही।

चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को 03 अगस्त को स्वर्ण जयंती सभागार में वृहद् स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रमाण पत्र दिया जायेगा।

# युवाओं में समाज को बदलने का जूनून जरूरी: प्रो. दत्त

## डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में परिचर्चा एवं व्याख्यान का आयोजन

जागरण न्यूज, सागर



डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा शिक्षा मंत्रालय एवं स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार के नशा मुक्त समाज के संयुक्त आव्हान पर आज स्वयंसेवकों के लिए एक परिचर्चा एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया। नशामुक्ति अभियान की वर्तमान समय में प्रासंगिकता और राष्ट्रीय महत्त्व के संदर्भ में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने अपने-अपने विचार प्रकट किये। नशामुक्त समाज बनाने को लेकर युवाओं ने परिचर्चा करते हुए बताया कि राष्ट्र के विकास में युवाओ की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। स्वस्थ युवा मन और मानसिकता से ही राष्ट्र का वैश्विक विकास संभव हैण् आज नशे की आदत ने युवाओं को भ्रमित कर दिया है। तम्बाकू, नशीली दवाइयां, मदिरापान आदि सामाजिक बुराइयों के रूप में प्रसारित हो रही हैं, जिसे युवा ही आगे आकर रोक सकते हैं। कार्यक्रम में एनएसएस अधिकारी डॉ. सुनीत वालिया ने बताया कि नशे की प्रवृत्ति को समझ कर ही हम नशा करने वाले व्यक्ति का उपचार कर सकते हैं। प्रो. अम्बिका दत्त शर्मा ने आनुभविक उद्धरणों एवं कहानियों के माध्यम से राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों और सामाजिक सरोकार के उसके समर्पण को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी भारत की सदी है, क्योंकि भारत युवाओं का देश है, ऐसे में युवा यदि नशे के चंगुल में फंसा रहेगा तो राष्ट्र के समक्ष कई चुनौतियाँ खड़ीं होंगी। राष्ट्र आत्मनिर्भर तब ही होगा जब हमारा युवा इस तरह की हानिकारक आदतों से दूर रहेगा। उन्होंने आव्हान किया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थी जन- जागरूकता के माध्यम से नशे के प्रति व्यक्ति और समाज को सावधान कर सकते हैं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. संजय शर्मा, डॉ. वंदना विनायकए डॉ. सुनीत वालिया सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संञ्चालन डॉ. आशुतोष ने किया तथा आभार डॉ. वंदना विनायक ने माना।

# विद्यार्थियों का संकल्प: प्रधानमंत्री के सपनों की करेंगे साझेदारी

## मोदी 20: ड्रीम्स मीट डिलिवरी पर सामूहिक चर्चा में विद्यार्थियों ने रखे अपने विचार

जागरण न्यूज, सागर




डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालयए सागर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को रेखांकित करने वाली पुस्तक मोदी 20 ड्रीम्स मीट डिलिवरी पर केंद्रित समूह परिचर्चा में विश्वविद्यालय के छात्र-प्रतिनिधियों ने भागीदारी की और अपने विचार रखे। आधार वक्तव्य देते हुए छात्र-कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अम्बिकादत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दृढ़ संकल्प और वृहत्तर दायित्व के साथ आज पूरी दुनिया में भारत को महत्त्वपूर्ण स्थान मिल रहा है। गुड गवर्नेंस के साथ-साथ कार्य संस्कृति में बदलाव, सरकार एवं जनता के बीच संवाद, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, आपदा में प्रबंधन सहित ऐसे कई आयाम हैं जहां मोदी के नेतृत्व ने संकल्पबद्धता, प्रतिबद्धता, कर्मठता का अद्भुत मिशाल प्रस्तुत किया है, इसलिए उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यों को जानना और समझना जरूरी है। छात्र-प्रतिनिधियों ने कहा कि एक कुशल नेतृत्व बदलाव की प्रेरणा देता है, महिला सशक्तिकरण के फ्रेमवर्क में बदलाव, पारदर्शी सुशासन, जनाकांक्षा की पहचान कर उन्हें उचित साधन एवं सुविधाएं देना जैसे कार्यों में प्रधानमंत्री मोदी की सक्रियता और कार्यशैली से सीखना चाहिए। क्लीन इण्डिया, डिजिटल इण्डिया, पारदर्शी गवर्नेंस, भ्रष्टाचार मुक्त भारत, जनता को सरकार से सीधे जोड़ने वाली योजनाओं आदि ऐसे कई ऐतिहासिक कार्यों एवं उपलब्धियों को बताते हुए छात्रों ने प्रधानमंत्री मोदी के सपनों की साझेदारी का संकल्प लियाण् छात्रों ने कहा कि वैश्विक राजनीति एवं अर्थ व्यवस्था में भारत के बढ़ते प्रभाव, हस्तक्षेप और भूमिका में प्रधानमंत्री के निर्णय एवं नेतृत्वकारी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राकेश सोनी ने किया। परिचर्चा सत्र में मुख्य समन्वयक एवं विवि की वरिष्ठ प्रो. जनक दुलारी आही, अकादमिक अफेयर्स के निदेशक प्रो. नवीन कानगो. प्रो. यूके पाटिल, डॉ. पंकज तिवारी, डॉ. आशुतोष प्रो. वंदना सोनी, छात्र विश्वदीप, कु. सोनाली, आयुषी, दीक्षा, आस्था, मयंक, अनुराग, समर्थ, अखंड गौरव सहित सभी छात्र-प्रतिनिधि उपस्थित थे।

रासेयो ने हर-घर तिरंगा अभियान के तहत गांव में जनजागरूकता अभियान चलाया

# घरों में राष्ट्रीय ध्वज लगाने किया प्रेरित




राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सदस्यों ने गांवों में जाकर लोगों को तिरंगा लगाने प्रेरित किया। ● नवदुनिया

**सागर(नवदुनिया प्रतिनिधि)।** डाक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय द्वारा आजादी के अमृतमहोत्सव के क्रम में राष्ट्रीय अभियान हर-घर तिरंगा के संदर्भ में कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा उन्नत भारत अभियान के तहत गोद लिए गए गांव पथरिया जाट एवं सिरोंजा में स्वयंसेवकों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज के संदर्भ में ग्रामीणों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने के लिए प्रेरित करने और जनसामान्य में देशभक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से भारत सरकार की ओर से 11 से 17 अगस्त तक चलाए जाने वाले हर घर तिरंगा अभियान के विषय में जानकारी दी गई।

गौरतलब है कि विश्वविद्यालय के द्वारा पथरिया जाट एवं सिरोंजा गाँव में जन-जागरुकता तथा ध्वज वितरण का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम के प्रमुख केन्द्रों जैसे पाठशाला, पंचायत भवन, प्रमुख मार्गों, इमारतों, भवनों आदि की दीवारों पर हर घर तिरंगा अभियान से संबंधित नारा लेखन कार्य किया गया। ग्राम में आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डा. संजय शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी डा. वंदना विनायक, डा. सुनीत वालिया, डा. आशुतोष एवं विश्वविद्यालय के मीडिया अधिकारी डा. विवेक जायसवाल सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे।

एक नजर में



# युवक छात्रावास में निबंध प्रतियोगिता आयोजित


**सागर.** डॉ. हरीसिंह गौर विवि के युवक छात्रावासों के विद्यार्थियों के लिए विश्व गुरु वैश्विक पटल पर उभरता भारत विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. मुख्य समन्वयक प्रो जनक दुलारी आही एवं युवक छात्रावास निबंध प्रतियोगिता के संयोजक प्रो. राजेश गौतम रहे. निबंध प्रतियोगिता को सफल बनाने में डॉ राकेश सोनी, डॉ आशुतोष, डॉ शिब शंकर जेना, डॉ. अवधेश कुमार, प्रदीप कुमार, सत्यनारायण सारथी, शरद कुमार का सहयोग रहा.

# विवि के छात्र ने 8 किलो रंग से 5 फीट लंबी और 6 फीट चौड़ी नीरज चोपड़ा की रंगोली बनाई




**सागर** | सिल्वर मेडल जीतने पर नीरज चोपड़ा का चित्र बनाया, विवि के छात्र ने 8 किलो रंग से 5 फीट लंबी और 6 फीट चौड़ी रंगोली बनाई सागर। ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के जैवलिन थ्रो इवेंट में 88.13 मीटर लंबा थ्रो फेंक कर फेंक सिल्वर मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। नीरज चोपड़ा की इस उपलब्धि पर सागर विश्वविद्यालय के छात्र ललित नागर ने रंगोली में नीरज चोपड़ा का चित्र बनाया। रंगोली की लंबाई 5 फीट और चौड़ाई 6 फीट की है। इसे 8 किलो रंगोली कलर से बनाया गया है। ललित ब्यावरा के रहने वाले हैं।

# देश-भक्ति और देश-सेवा को बनाएं जीवन का अथक छंद: कुलपति



**सागर.** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के गौर प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने ध्वजारोहण किया और सभी को भारतवर्ष के राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और हम सभी इस महान लोकतांत्रिक देश भारत के नागरिक हैं, जिसकी आजादी के लिए हजारों-लाखों अमर शहीदों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। इसलिए आज अपनी स्वतंत्रता पर गर्व करने के साथ-साथ भारत माता के अमर सपूतों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का भी दिन है। आज का दिन संकल्प का दिन है, स्वाभिमान का दिन है, गर्व का दिन है साथ ही यह त्याग और बलिदान का भी दिन है।

उन्होंने कहा कि डॉ. हरीसिंह गौर द्वारा विश्वविद्यालय के रूप में लगाया गया नन्हा पौधा आज निरन्तर पल्लवित और पुष्पित हो रहा है। हमारा कर्तव्य है कि इस संस्थान को डॉ. हरीसिंह गौर के स्वप्न के अनुरूप विकसित करते रहें।

विवि के एनसीसी कैडेट्स ने सलामी दी और एनएसएस इकाई के विद्यार्थियों ने तिरंगे के रंगों का कैप लगाकर तिरंगा ध्वज बनाया। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलसचिव संतोष सोहगौरा, प्रो. आरके त्रिवेदी, प्रो. नवीन कांगो, प्रो. दिवाकर राजपूत, प्रो. ए पी मिश्रा, प्रो. चंदा बना, प्रो. जे डी आही, प्रो नागेश दुबे, प्रो. रत्नेश दास, प्रो. उमेश पाटिल, उपकुलसचिव सतीश कुमार सहित कई शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# नशा मुक्त भारत अभियान में विद्यार्थियों ने ली शपथ

सागर। डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सांस्कृतिक परिषद एवं एन एस एस इकाई के संयुक्त तत्त्वावधान में नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। समन्वयक डॉ राकेश सोनी एवं एन एसएस समन्वयक डॉ संजय शर्मा ने विद्यार्थियों को शपथ दिलाई जिसमें स्वयं के साथ अपने आस पास के समाज को नशा मुक्त रखने का संकल्प लिया गया। इस अभियान के तहत कैबीनेट मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार के नेतृत्त्व में दिनांक 12 अगस्त को देश भर के 993 विश्वविद्यालयों, 39941 महाविद्यालयों एवं 22560 हाईस्कूल में नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थीम पर बनाई रंगोली

## विवि के विद्यार्थियों ने भगत सिंह के पराक्रम को दिखाया

भास्कर संवाददाता | सागर

शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार तथा आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के परिपालन में स्वधीनता सप्ताह कार्यक्रम के तहत डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग में रंगोली प्रतियोगता हुई। विषय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी था। विद्यार्थियों ने विषय से संबंधित थीम पर रंगोली बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन विधा प्रभारी डॉ. चंद्रकांता जैन, डॉ. सुप्रभा दास, डॉ. आफरीन खान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने भागीदारी की। शनिवार को 'स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित रविशंकर शुक्ल' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता होगी। 'आजादी से अंत्योदय तक' कार्यक्रम में गौंर समाधि प्रांगण में डॉ. गौर एवं शुक्ल की समाधि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम भी किया गया है। दोपहर 3 बजे से संगीत विभाग में एकल गायन प्रतियोगिता भीं होगी।






विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थीम पर बनाई रंगोली में भगत सिंह के पराक्रम को दिखाया।

## विभाजन विभीषिका चित्र प्रदर्शनी का कुलपति ने किया उद्घाटन




सागर, देशबन्धु। डॉ.हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयन्ती सभागार में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में विभाजन विभीषिका चित्र प्रदर्शनी लगाई गई, उदघाटन करते हुए कुलपति प्रो.नीलिमा गुप्ता ने कहा देश के विभाजन की विभीषिका को इतिहास से विस्मृत नहीं किया जा सकता है, ऐतिहासिक घटनाओ की निष्पक्ष व्याख्या के लिए इस तरह के साक्ष्य आधारित कार्यक्रम महत्त्वपूर्ण होते हैं, इस तरह की प्रदर्शनी से जनसमुदाय में इतिहास की वैज्ञानिक समझ विकसित होती है, इस अवसर पर प्रो.डी के गुप्ता, प्रो.ए.डी.शर्मा, डॉ.राकेश सोनी, प्रो.पुणताम्बेकर, कुलसचिव संतोष सौहगोरा उपस्थित रहे।

## नगरीय विकास मंत्री भूपेंद्र सिंह स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे

सागर, आचरण। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह सागर में ध्वजारोहण करेंगे। मंत्री श्री सिंह सागर के पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज ग्राउंड पर प्रातः 9:00 बजे ध्वजारोहण करेंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार- प्रातः 9.00 बजे-ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, सलामी, परेड निरीक्षण, प्रातः 9.15 बजे - मुख्य अतिथि द्वारा संदेश वाचन, प्रातः 9.35 बजे - हर्ष फायर, मार्च पास्ट, प्रातः 9.50 बजे - सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति, प्रातः 10.20 बजे - मुख्य अतिथि द्वारा पारितों फायर, मार्च पास्ट, प्रातः 9.50 बजे - सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति, प्रातः 10.20 बजे- मुख्य अतिथि द्वारा पारितोषक/प्रशस्ति पत्र का वितरण, प्रातः 10.40 बजे - आभार प्रदर्शन होगा।

### भगवान लव-कुश जी की जयंती पर सेवादल परिवार ने किया भव्य स्वागत

सागर, आचरण। भगवान लव-कुश जी की जयंती पर कुशवाहा समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुये शहर के हृदय स्थल तीनबत्ती पहुंची,जहां कांग्रेस सेवादल परिवार ने शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा की गयी, शोभायात्रा में शामिल समाज के वरिष्ठ जनों का पुष्पमाला से स्वागत किया गया। स्वागतकर्ता ओन में प्रदेश उपाध्यक्ष रमाकांत यादव,शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे,प्रदीप गुप्ता,महेश जाटव,पकंज सिंघई,आनंद हैला,अंकुर यादव,लक्ष्मा यादव,अकरम खान,संदीप पटैल, वृजेश पटैल आदि सम्मिलित रहे।



सागर, आचरण। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में विवि पुस्तकालय भवन पर तिरंगे की तर्ज पर आकर्षक विद्युत सजावट की गई है।

**विश्वविद्यालय • स्वर्ण जयंती सभागार में विभाजन विभीषिका चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ**

# ऐतिहासिक घटनाओं की निष्पक्ष व्याख्या के लिए साक्ष्य आधारित कार्यक्रम महत्वपूर्ण होते हैं : कुलपति

भास्कर संवाददाता | सागर

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती सभागार में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर विभाजन विभीषिका चित्र प्रदर्शनी लगाई गई। उद्घाटन करते हुए कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने कहा कि देश के विभाजन की विभीषिका को इतिहास से विस्मृत नहीं किया जा सकता। ऐतिहासिक घटनाओं की निष्पक्ष व्याख्या के लिए इस तरह के साक्ष्य आधारित कार्यक्रम महत्वपूर्ण होते हैं। इस तरह की प्रदर्शनी से जनसमुदाय में इतिहास की वैज्ञानिक समझ विकसित होती है। प्रदर्शनी के समन्वयक प्रो. नागेश दुबे एवं डॉ. संजय शर्मा ने बताया प्रदर्शनी 17 अगस्त तक सभी नागरिकों के लिए खुली रहेगी। जहां वे भारत विभाजन की विभीषिका के दृश्यों का अवलोकन कर सकते हैं। इस मौके पर प्रो. डीके गुप्ता, प्रो. एडी शर्मा, प्रो. जीएल पुणतांबेकर, डॉ. राकेश सोनी, कुलसचिव संतोष सौहगोरा आदि मौजूद थे। वहीं, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार तथा आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के परिपालन में स्वाधीनता सप्ताह कार्यक्रम के तहत डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के गौर परिसर में आजादी से अन्त्योदय तक अभियान और पोस्टर प्रतियोगता हुई। डॉ. हरीसिंह गौर एवं पंडित रविशंकर शुक्ल की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता, हर घर तिरंगा कार्यक्रम के संयोजक डॉ. ललित मोहन आदि मौजूद थे।



सागर। स्वर्ण जयंती सभागार में विभाजन विभीषिका चित्र प्रदर्शनी लगी।

पोस्टर प्रतियोगता में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। पोस्टर प्रतियोगता का विषय- स्वतंत्रता संग्राम सेनानीः पंडित रविशंकर शुक्ल था। पंडित रविशंकर शुक्ल एक वरिष्ठ कांग्रेसी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सेंटर प्रोविन्स व बरार और 1 नवंबर 1956 को अस्तित्व में आए नए राज्य मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री थे। उनका जन्म स्थान सागर जिला था। संचालन विधा प्रभारी डॉ. चंद्रकांता जैन, डॉ. सुप्रभा दास, डॉ. आफरीन खान ने किया।

# हर घर तिरंगा लघु फिल्म हुई रिलीज

सागर. डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के ईएमएमआरसी के सहयोग से आजादी का अमृत महोत्सव के तहत लघु फिल्म 'हर घर तिरंगा' रिलीज की गई। समन्वयक डॉ. ललित मोहन ने फिल्म में बारे में जानकारी दी। कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने बटन दबाकर फिल्म सार्वजनिक प्रसारण के लिए रिलीज किया। इस अवसर पर सागर नगर निगम आयुक्त चंद्रशेखर शुक्ला, प्रभारी कुलसचिव संतोष सोहगौरा, प्रो. एपी त्रिपाठी, ईएमएमआरसी के निदेशक डॉ. पंकज तिवारी, डॉ. अमर जैन, यंत्री राहुल गोस्वामी उपस्थित रहे। डॉ ललित मोहन ने बताया कि यह फिल्म विश्वविद्यालय ईएमआरसी के सोशल मीडिया पर दिए गए यूट्यूब चैनल पर लिंक के माध्यम से देखी जा सकती हैं। विश्वविद्यालय में 'हर घर तिरंगा' के पांच सेल्फी पॉइंट बनाए गए, जहां पर विद्यार्थी, शिक्षक, कर्मचारी एवं आम नागरिक तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी ले सकते हैं।



# कुलपति ने तिरंगा ध्वज क्रय कर फहराने का किया आव्हान

सागर

डॉ हरीसिंह गौर विवि सागर की कुलपति प्रो नीलिमा गुप्ता ने विवि के गौर प्रांगण में तिरंगा ध्वज विक्रय केंद्र से तिरंगा खरीदा। उन्होंने कहा कि सभी को तिरंगा ध्वज क्रय कर अपने-अपने घरों पर फहराएं। उन्होंने कहा कि देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। आइए हम देश की उन्नति के लिए, देश की आजादी की गाथा को स्मरण करने के लिए तिरंगा ध्वज फहराकर इस महाउत्सव में शामिल हों। हर घर तिरंगा अभियान के तहत विवि में एनएसएस के सहयोग से आगामी 3 दिनों तक तिरंगा ध्वज विक्रय किया जा रहा है। विवि के शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों ने काफी संख्या में ध्वज खरीदे। एनएसएस समन्वयक ने बताया कि आगामी 3 दिनों में अपराह्न 3 से 5 बजे तक ध्वज क्रय किया जा सकता है।



इस अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ ललित मोहन, एनएसएस के समन्वयक डॉ संजय शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुनीत वालिया, डॉ वंदना विनायक, डॉ अलीम अहमद खान, डॉ आशुतोष, डॉ राकेश सोनी सहित संख्या में शिक्षक, छात्र और का[illegible] उपस्थित रहे।

## डॉ.गौर एवं पं.रविशंकर शुक्ल की समाधि पर कुलपति ने दी पुष्पांजलि



**सागर, देशबन्धु।** गौर प्रांगण में शनिवार को सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे के बीच आज़ादी से अन्त्योदय तक अभियान और पोस्टर प्रतियोगता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ.हरीसिंह गौर एवं पं.रविशंकर शुक्ल की समाधि पर पुष्पांजलि के साथ हुई जिसमें कुलपति प्रो.नीलिमा गुप्ता, शहर घर तिरंगा, कार्यक्रम के संयोजक डॉ.ललित मोहन और विवि के शिक्षकगण, अधिकारीगण, शोधार्थी तथा विद्यार्थीगण मौजूद थे। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की, जिसमें उन्होंने थीम के अनुरूप पोस्टर बनाकर अपनी कला का सुंदर नमूना प्रस्तुत किया। पोस्टर प्रतियोगता का विषय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं.रविशंकर शुक्ल था।



सागर, आचरण डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के गौर प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया. कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने ध्वजारोहण किया और सभी को भारतवर्ष के राष्ट्रीय पावन पर्व स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर शुभकामनाएं दीं। विवि के एनसीसी कैडेट्स ने सलामी दी एवं विवि के एन एस एस इकाई के विद्यार्थियों ने तिरंगे के रंगों का कैप लगाकर तिरंगा ध्वज बनाया। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलसचिव संतोष सोहगौरा, प्रो. आर. के. त्रिवेदी, प्रो. नवीन कानगो, प्रो. आशीष वर्मा, प्रो. दिवाकर राजपूत, प्रो. ए पी मिश्रा, प्रो. चंदा बना, प्रो. जे डी आही, प्रो नागेश दुबे, प्रो. रत्नेश दास, प्रो. उमेश पाटिल, उपकुलसचिव सतीश कुमार सहित कई शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

SagarUniversity DoctorGour Doctor Harisingh Gour Vishwavidyalaya,Sagar


**संकलन, चयन एवं संपादन**

कार्यालय, मीडिया अधिकारी

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)

Email- mediaofficer@dhsgsu.edu.in Website- www.dhsgsu.edu.in